# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| **Class: VI (2nd lang.)** | **Department: Hindi** | |
|---|---|---|
| Worksheet No - 12 | Topic: Paragraph Worksheet | Note: Pl. file in portfolio |

प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए -

एक पेड़ पर एक कबूतर और कबूतरी रहते थे। कुछ समय बाद कबूतरी ने उसी पेड़ की टहनी पर तीन अंडे दिए। एक दिन कबूतर और कबूतरी दोपहर के समय खाना ढूँढते हुए कुछ दूर निकल गए। तभी एक लोमड़ी आई। वह भोजन की तलाश में पेड़ पर चढ़ी। जहाँ उसे कबूतर के अंडे मिल गये और वो अंडों को खा गई । जब कबूतरों का जोड़ा वापस आया तो अंडे न पा कर बहुत परेशान हो गया। उनका मन टूट - सा गया। तभी दोनों कबूतरों ने निश्चय किया कि अब वे घोंसला बनाएँगे । ताकि फिर कभी उनके अंडे कोई न खा पाए।
कबूतर ने तिनके इकट्ठे कर के घोंसला बनाना शुरू किया। पर उसे घोंसला बनाना नहीं आता था। तब उसने मदद के लिए जंगल के दूसरे पक्षियों को बुलाया, वे सब उसकी मदद के लिए आ गए और उन्होंने कबूतर के लिए घोंसला बनाना शुरू किया। पक्षियों ने अभी कबूतर को सिखाना शुरू ही किया था कि कबूतर ने कहा, "अब वो घोंसला बना लेगा। उसने सब सीख लिया है"।
सभी पक्षी यह सुन कर वापस चले गए। अब कबूतर ने घोंसला बनाना शुरू किया। उसने एक तिनका इधर रखा एक तिनका उधर। उसे कुछ समझ नहीं आया कि घोंसला कैसे बनेगा। उसने फिर से पक्षियों को बुलाया। उन्होंने फिर घोंसला बनाना शुरू किया। अभी आधा घोंसला बना ही था कि कबूतर जोर से चिल्लाकर कहा , तुम सब छोड़ दो अब मैं समझ गया हूँ यह कैसे बनेगा। पक्षियों को बहुत गुस्सा आया। वे तिनके वहीं छोड़ कर उड़ गए। कबूतर ने फिर कोशिश की पर घोंसला नहीं बना। कबूतर ने तीसरी बार पक्षियों को बुलाया, लेकिन इस बार एक भी पक्षी मदद के लिए नहीं आया और आज तक कबूतर को घोंसला बनाना नहीं आया।

**सीख** - इस कहानी में बताया गया है कि हमें जो काम नहीं आता हो, उसे किसी की मदद से पूरी तरह सीख लेना चाहिए।

प्रश्न -1 कबूतरी ने पेड़ की टहनी पर कितने अंडे दिए थे?

* दो अंडे * तीन अंडे * चार अंडे * पाँच अंडे

प्रश्न -2 लोमड़ी पेड़ पर क्यों चढ़ी?

* भोजन की तलाश में * आराम करने के लिए
* फ़ल तोड़ने के लिए * पत्ते तोड़ने के लिए

प्रश्न -3 लोमड़ी को पेड़ पर क्या मिला था ?

* छोटे पक्षी * काला साँप * कबूतरी के अंडे * पके फ़ल

प्रश्न -4 दोनों कबूतरों ने क्या निश्चय किया ?

* आलसीपन छोड़ देंगे * अब वे मेहनत करेंगे
* अब वे घोंसला बनाएँगे * अब वे फ़ल खाएँगे

प्रश्न -5 कबूतर ने मदद के लिए किसे बुलाया?

* दूसरे कबूतरों को * जंगल के पशु - पक्षियों को
* अपने साथियों को * जंगल के दूसरे पक्षियों को

प्रश्न -6 अब वो घोंसला बना लेगा। उसने सब सीख लिया है"। किसने कहा ?

* मोर ने * तोते ने * कबूतर ने * कौए ने

प्रश्न -7 आधा घोंसला बनने पर कबूतर ने जोर से चिल्लाकर क्या कहा?

* तुम सब छोड़ दो अब मैं समझ गया हूँ यह कैसे बनेगा
* तुम सब छोड़ दो मदद करने के लिए धन्यवाद
* तुम सब छोड़ दो बीमारी के कारण मैं थक गया हूँ
* तुम सब छोड़ दो मैं तुमसे सुंदर घोंसला बना सकता हूँ

प्रश्न -8 सभी पक्षी वहीं पर क्या छोड़ कर उड़ गए?

* तिनके * अंडे * दाना * घोंसला

प्रश्न -9 इस कहानी में बताया गया है कि हमें जो काम नहीं आता हो,
उसे किसी की मदद से -------------।

* पूरी तरह सीख लेना चाहिए * नहीं करना चाहिए
* पूरी तरह से नहीं सीखना चाहिए * सभी गलत हैं

प्रश्न -10 गद्यांश में से ढूँढ़कर निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए ।

*1 अनेक --------------- *2 पास ---------------
*3 तोड़ना --------------- *4 नासमझ ---------------

**********